# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## <u>प्रेस नोट</u>

**दिनांक-23.06.2025**

**<u>विषयः-</u> <u>दहेज हत्या के मुकदमे में वांछित 02 नफ़र अभियुक्त व 01 नफ़र अभियुक्ता को थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया।</u>**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त रोहनियां के नेतृत्व में थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0173/2025 धारा 85/80(2) बी0एन0एस0 व ¾ डी0पी0 एक्ट थाना लोहता वाराणसी से सम्बन्धित नामजद वांछित अभियुक्तगण 1- विनय कुमार पुत्र दूधनाथ राम निवासी ग्राम बखरिया थाना लोहता कमि0 वाराणसी, 2- दूधनाथ राम पुत्र स्व0 रामनिहोर निवासी ग्राम बखरिया थाना लोहता कमि0 वाराणसी तथा 01 नफ़र अभियुक्ता को आज दिनांक-23.06.2025 को समय करीब 10.15 बजे खपड़वहा रेलवे क्रासिंग थाना लोहता कमि0 वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना लोहता पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>घटना का विवरण-</u>** दिनांक 22.06.2025 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने प्रतिवादीगण द्वारा वादी मुकदमा/प्रार्थी की पुत्री उम्र करीब 25 वर्ष को दहेज के लिये प्रताड़ित करते हुए मारपीट कर मरणासन्न अवस्था में रेलवे लाईन पर फेंक देने व ट्रेन से कटकर मृत्यु हो जाने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना लोहता में मु0अ0सं0-0173/2025 धारा 85/80(2) बी0एन0एस0 व 3/4 डी0पी0 एक्ट पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया द्वारा संपादित की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्तगण/अभियुक्ता का विवरण-</u>**

1. विनय कुमार पुत्र दूधनाथ राम निवासी ग्राम बखरिया थाना लोहता कमि0 वाराणसी, उम्र करीब 30 वर्ष।
2. दूधनाथ राम पुत्र स्व0 रामनिहोर निवासी ग्राम बखरिया थाना लोहता कमि0 वाराणसी, उम्र करीब 58 वर्ष।
3. मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्ता, उम्र करीब 56 वर्ष।

**<u>गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान-</u>**

दिनांक-23.06.2025 को समय करीब 10.15 बजे, खपड़वहा रेलवे क्रासिंग थाना लोहता कमि0 वाराणसी से।

**<u>आपराधिक इतिहास-</u>**

1. मु0अ0सं0-0173/2025 धारा 85/80(2) बी0एन0एस0 व ¾ डी0पी0 एक्ट थाना लोहता वाराणसी।

**<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>**

1. थानाध्यक्ष निकिता सिंह थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 अमित कुमार यादव थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
3. हे0का0 हंसराज पाल थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 लक्ष्मीकांत यादव थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
5. म0का0 संगीता वर्मा थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।





**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी**